अमर उजाला

बरेली
शुक्रवार, 3 अक्तूबर 202
आश्विन शुक्ल-एकादशी
विक्रम संवत-2082

PAGE NO 7 : MIDDLE

# 216 मेधावियों को 3.5 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति वितरित

## विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली पांच हस्तियों को राममूर्ति प्रतिभा अलंकरण से सम्मानित किया

**संवाद न्यूज एजेंसी**

बरेली। श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट की ओर से बृहस्पतिवार को स्वतंत्रता सेनानी और पूर्व मंत्री श्रीराम मूर्ति का 37वां स्मृति दिवस मनाया गया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली पांच हस्तियों को राममूर्ति प्रतिभा अलंकरण से सम्मानित किया गया और ट्रस्ट के 216 मेधावी विद्यार्थियों को 3.5 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति वितरित की गई। ट्रस्ट के संस्थापक और चेयरमैन देव मूर्ति ने यह अलंकरण प्रदान किया।

अखिल भारतीय कहानी प्रतियोगिता में विशाल पांडेय को उनकी कहानी ''मत बांधों इनको जंजीरो में'' के लिए प्रथम पुरस्कार के रूप में 11,000 रुपये और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसके अलावा, सौम्या नैन बिश्नोई को द्वितीय और निशांत कुमार को तृतीय पुरस्कार मिला।

वाद-विवाद प्रतियोगिता की चल वैजयंती कनिष्ठ वर्ग में द गुरु स्कूल और वरिष्ठ वर्ग में रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने जीती। ट्रस्ट के सभी महाविद्यालयों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन पर उनके चित्रों पर ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रदेश सरकार के मंत्री डॉ. अरुण कुमार, सांसद छत्रपाल गंगवार आदि ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। देव मूर्ति ने आईसीयू में 21 दिन से अधिक भर्ती मरीजों से कोई शुल्क न लेने और तीमारदारों को मात्र 12 रुपये में भोजन उपलब्ध कराने जैसी योजनाओं का विशेष रूप से उल्लेख किया। स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक की ओर से दो दिवसीय रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 109 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।



प्रो. एसएम बोस को सम्मानित करते वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार और एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति। स्रोत : कॉलेज

### इन्हें मिला राम मूर्ति प्रतिभा अलंकरण

इस वर्ष कैंसर जागरूकता और युवा सर्जनों के मार्गदर्शन के लिए प्रो. एसएम बोस (वरिष्ठ प्राध्यापक, सर्जरी, पीजीआई चंडीगढ़), संगीत विद्या के माध्यम से उपचार और सांस्कृतिक चेतना के क्षेत्र में कार्य के लिए प्रो. लवली शर्मा (कुलपति, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़), लाखों महिलाओं के सशक्तिकरण और हजारों गांवों के पुनर्स्थान के लिए डॉ. नीलम गुप्ता (संस्थापक एवं अध्यक्ष, एआरओएच फाउंडेशन) को सम्मानित किया गया। ऑडिट, अनुपालन और डेटा सुरक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता और विश्वास मजबूत करने के लिए मनीष कुमार (हेड-रिस्क एंड कॉम्प्लायंसेज, इंफोसिस लिमिटेड), पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए कर्णव रस्तोगी (युवा जलवायु परिवर्तन नायक) सम्मानित हुए। इसके साथ ही राम मूर्ति प्रतिभा अलंकरण के तहत प्रो. बोस को एक लाख रुपये और अन्य चार को 51,000 व 25,000 का चेक व अंगवस्त्र प्रदान किया गया।